भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 16.11.2022

मध्य रेलवे बनी 43वें अखिल भारतीय रेलवे महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप की विजेता

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, में पाँच दिन से चल रहे 43वें अखिल भारतीय रेलवे महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2022 का समापन दिनांक 16.11.2022 को मुख्य अतिथि आरेडिका के महाप्रबंधक श्री बृज मोहन अग्रवाल द्वारा विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर किया गया।

इस चैंपियनशिप प्रतियोगिता के एक सेमी फाइनल मुकाबला दिनांक 15.11.2022 को मध्य रेलवे एवं पूर्व रेलवे बीच हुआ, जिसमें मध्य रेलवे विजेता बनी, वहीं एक दूसरा सेमी फाइनल मुकाबला आईसीएफ और दक्षिण रेलवे के मध्य हुआ जिसमें दक्षिण रेलवे विजेता बनी। आज फाइनल मुकाबला मध्य रेलवे एवं दक्षिण रेलवे के बीच हुआ जिसमें मध्य रेलवे विजेता बनी। फाइनल मुकाबला बेहद ही रोमांचक था, 5 सेट के इस मुकाबले में मध्य रेलवे 25 – 23, 25 –23, 21–25, 25–18 से विजयी रही।

आरेडिका के खेल–कूद संघ के अध्यक्ष श्री एस. के. कटियार,नें बताया कि इस चैंपियनशिप में 8 जोनल रेलवे और उत्पादन इकाइयों की लगभग 150 महिला खिलाड़ियों प्रतिभाग किया तथा इस चैंपियनशिप में महिला खिलाडी अपनी प्रतिभा दिखायी।

इस अवसर पर रेलवे स्पोर्टस प्रमोशन बोर्ड के टेक्नीकल टीम, मैनेजमेंट टीम सहित विभिन्न जोनों के कोच एवं आरेडिका के खेल–कूद संघ के अध्यक्ष श्री एस. के. कटियार, सचिव श्री एस.एस.केरो एवं आरेडिका के उच्च अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

16/11/2022
(आर एन तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी